लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

INDIAN PARLIAMENTARY DELEGATION OPPOSES PAKISTANI PROPAGANDA DURING THE GENERAL ASSEMBLY OF 64TH COMMONWEALTH PARLIAMENTARY CONFERENCE IN UGANDA

Kampala, Uganda: 28 September 2019: The Pakistani Parliamentary Delegation raised the issue of Kashmir during the General Assembly under the 64th Commonwealth Parliamentary Conference being held in Kampala, Uganda, saying that Indian military forces had seized Kashmir.

This Pakistani propaganda was strongly opposed by Smt. Roopa Ganguly, MP and other Members of Indian Parliamentary Delegation led by Lok Sabha Speaker Shri Om Birlaji, saying that the tradition of military rule is prevalent in Pakistan and that country had been under army rule for 33 years. It was added that Military rule was unknown in India.

An Indian Parliamentary Delegation led by the Speaker, Lok Sabha, Shri Om Birla, is currently participating in the 64th Commonwealth Parliamentary Conference being held in Kampala, Uganda from 22nd to 29th September, 2019. This delegation comprises of Shri Adhir Ranjan Chowdhury, MP (Lok Sabha); Smt. Roopa Ganguly, MP (Rajya Sabha); Dr. L. Hanumanthaiah, MP (Rajya Sabha), Smt. Aparajita Sarangi, MP (Lok Sabha) and Smt. Snehlata Shrivastava, Secretary General, Lok Sabha. The Presiding Officers and Secretaries of State Legislatures, who are members of the Commonwealth Parliamentary Association, are also participating in the conference.

Pakistan had earlier raised the same issue during the 4th South Asian Speakers' Summit held in Male, Maldives on 1-2 September 2019 on the subject 'Achieving Sustainable Development Goals.' The Indian delegation led by Hon'ble Speaker, Lok Sabha Shri Om Birlaji, who was accompanied by Deputy Chairman Rajya Sabha Sh Harivansh, had strongly opposed the baseless allegations. As a result, the issues raised by Pakistan were rejected and left out of the Male Declaration.

युगांडा में 64वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की जनरल असेंबली की आम सभा के दौरान भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने पाकिस्तानी दुष्प्रचार का विरोध किया

कम्पाला, युगांडा : 28 सितम्बर 2019 : कम्पाला, युगांडा में आयोजित किए जा रहे 64वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा के दौरान पाकिस्तानी संसदीय शिष्टमंडल ने कश्मीर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भारतीय सैनिक बलों ने कश्मीर को बंधक बनाया हुआ है।

भारतीय संसदीय शिष्टमंडल की सदस्य श्रीमती रूपा गांगुली और अन्य सदस्यों ने इस पाकिस्तानी दुष्प्रचार का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि सैनिक शासन की परंपरा पाकिस्तान में व्याप्त है और वह 33 साल सेना के शासन में रहा है । भारत में सैनिक शासन कभी भी और कहीं भी नही रहा है ।

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरलाजी के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल 22 से 29 सितंबर, 2019 तक कम्पाला, युगांडा में आयोजित किए जा रहे 64वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग ले रहा है । इस शिष्टमंडल में श्री अधीर रंजन चौधरी, संसद सदस्य (लोक सभा); श्रीमती रूपा गांगुली, संसद सदस्य (राज्य सभा); डॉ॰ एल हनुमंथैया, संसद सदस्य (राज्य सभा); श्रीमती अपराजिता सारंगी, संसद सदस्य (लोक सभा) और लोक सभा की महासचिव,श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव सम्मिलित हैं । भारत की ओर से राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी और सचिव, जो राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सदस्य भी है,इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं ।

इससे पहले मालदीव में आयोजित 'सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति' विषय पर दक्षिण एशियाई देशों की संसदों के अध्यक्षों के चौथे शिखर सम्मलेन, जो 1-2 सितम्बर 2019 को माले में संपन्न हुआ, के दौरान भी पाकिस्तान ने यह मुद्दा उठाया था जिसका लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरलाजी के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल, जिसमे राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश भी शामिल थे, द्वारा जोरदार विरोध किया गया था। परिणामतः माले घोषणापत्र में पाकिस्तान के द्वारा उठाये गए मुद्दों को पूर्णतया नकार दिया गया।